पाठ 5. सियार और ऊँट

पाठ का उद्देश्य

इस चित्र-कथा के माध्यम से बच्चों की वाचन में रुचि बढ़ेगी। मनोरंजन के माध्यम से साहित्य के प्रति रुचि जागृत होगी। सियार और ऊँट की मित्रता से उन्हें सही और गलत का अंदाज़ा होगा और उनमें सहयोग की भावना बढ़ेगी। जब वे कक्षा में यह कहानी सुनाएँगे तो उनकी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता उजागर होगी। उनका भाषा-ज्ञान भी बढ़ेगा।

बच्चे कहानी को पूर्ण हाव-भाव सहित अपने शब्दों में जब सुनाएँगे तो उनकी भाषा-संबंधी, शारीरिक क्रिया संबंधी, संगीत एवं लय संबंधी तथा सामाजिक कुशलता संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता उभरकर आएगी।